http://www.upboardonline.com

वार्षिक परीक्षा 2019-20

विषय : हिन्दी

समय : 2:00 घंटे　　　　कक्षा-9　　　　पूर्णांक : 70

नोट - सभी प्रश्न करने हैं। लेख स्वच्छ एवं स्पष्ट हो। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई एक कथन सत्य है, पहचान कर उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए- 1
   - (i) गबन मुंशी प्रेमचन्द्र का एक निबन्ध है।
   - (ii) जयशंकर प्रसाद एक प्रसिद्ध निबन्धकार थे।
   - (iii) 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना बाबू श्याम सुन्दर दास ने की थी।
   - (iv) 'अंधेर नगरी' रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध रचना है।

   (ख) भारतेन्दु युग की किसी एक पत्रिका का नाम लिखो। 1

   (ग) हिन्दी की सबसे पहली कहानी का नाम लिखो। 1

   (घ) 'गोदान' अथवा 'कंकाल' में से किसी एक के लेखक का नाम लिखो। 1

   (ङ) चन्द्रकान्ता के लेखक का नाम बताइए। 1

2. (क) भक्तिकाल की प्रमुख दो विशेषताओं के नाम लिखो। 2

   (ख) निम्न में से किन्हीं दो रचयिताओं के नाम लिखो। 2
   - (i) बीजक　　　　(ii) सत्यार्थ प्रकाश
   - (iii) कामायनी　　　(iv) पृथ्वीराज रासो

   (ग) हिन्दी काव्य का स्वर्ण युग किस काल को कहा जाता है? 1

3. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-8

   आज उस दिन की बात याद करके मुझे जितनी ग्लानी हो रही है, उसे प्रकट नहीं कर सकता। मैं उसे खोज निकालूँगा और पैरों पर गिरकर अपना अपराध क्षमा कराऊँगा। वह कुछ लेगा नहीं, यह जानता हूँ उसका जन्म यश की वर्षा करने के लिए हुआ है। उसकी सज्जनता ने मुझे ऐसा आदर्श दिखा दिया है, जो अब से जीवन पर्यन्त मेरे सामने रहेगा।

   (क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखो-

(P.T.O.)

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

   (ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

   (ग) डॉ. चड्डा ने कौन सा अपराध किया था, जिसे भगत से क्षमा कराना चाहता था?

अथवा

दृढ़ संकल्प से दुविधा की बेड़ियाँ कट जाती हैं। मेरी दुविधा भी देर हो गयी। कुएँ में घुसकर चिट्ठियों को निकालने का निश्चय किया। कितना भयंकर निर्णय था। पर जो मरने को तैयार हो, उसे क्या? मूर्खता अथवा बुद्धिमत्ता किसी काम को करने के लिए कोई मौत का मार्ग ही स्वीकार कर ले, और वह भी जान बूझ कर तो फिर वह अकेला संसार से भिड़ने को तैयार हो जाता है, और फल? उसे फल की क्या चिन्ता? फल तो किसी दूसरी शक्ति पर निर्भर है।

   (क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखो।

   (ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

   (ग) लेखक के अनुसार व्यक्ति कब सारे संसार से लड़ने के लिए तैयार हो जाता है?

नीचे लिखे किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या करते हुए काव्य सौन्दर्य भी स्पष्ट कीजिए। 8

कदली, सीप, भुजंग, मुख स्वाति एक गुण तीन।
जैसी संगति बैठिये तै सोई फल दीन।।
रहिमन ओछे नरन से, तजौ बैर अरु प्रीति।
काटे-चाटे स्वान के दुहूँ भाँति विपरीति।।

अथवा

पायो जी म्हैं तो राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरू, किरपा करि अपनायो।।
जनम-जनम की पूँजी, जग में सभी खोवायो।
खरचे नहीं कोई चोर न लेवैं, दिन-दिन बढ़त सवायो।
सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भव सागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर हरख हरख जस गायो।।

निम्नलिखित में से किसी एक का सन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद करो 5

(Continue ...)

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

श्री कृष्णस्य मातुलः कंसः अत्याचारी शासकः आसीत्। स पूर्व स्व भगिन्याः देवक्याः श्री वसुदेवेन सह विवाहम् अकरोत्, पश्चात् आकाशवाण्या देवकी पुत्रेण स्व मृत्युसमाचारं विज्ञाय उभावपि कारागारे न्यक्षियेत्। तत्रैव कारागारे श्री कृष्णः जातः।

अथवा

वृत्तं यत्नेन संरक्षेत्, वितमायाति याति च।
अक्षीणो विततः क्षीणों, वृत्ततस्तु हतो हतः।।

6. निम्न में से किसी लेखक व एक कवि का जीवन परिचय देते हुए कम से कम एक-एक रचना भी लिखिए। 3
   (क) प्रताप नारायण मिश्र, प्रेमचन्द्र, धर्मवीर भारती में से किसी एक
   (ख) कबीर दास, मैथिली शरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद
7. 'नये मेहमान' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 3

अथवा

'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के आधार पर रोशन का चरित्र चित्रण कीजिए। http://www.upboardonline.com

8. अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखो जो इस प्रश्न पत्र में न हो। 2
9. (क) श्रृंगार रस की परिभाषा व उसका उदाहरण लिखो। 2

अथवा

रक्त है? या नसों में क्षुद्र पानी
जाँच कर तू शीश दे-देकर जवानी
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है तथा उसका स्थाई भाव क्या है?

   (ख) दोहा अथवा चौपाई के लक्षण लिखकर एक उपयुक्त उदाहरण भी लिखो- 2
   (ग) 'पानी गये न ऊबरै, मोती, मानुष, चून' में कौन सा अलंकार है? 2
10. (क) कवियत्रि, श्रृंखला पन्डित, दुशासन में से किन्हीं तीन शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए। 3
   (ख) अग्नि, कमल, सूर्य में से किन्हीं दो के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो। 2

(P.T.O.)

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

   (ग) प्रतिदिन, यथा शक्ति, राजपुत्र में से किन्हीं दो शब्दों में समास विग्रह करके समास का नाम लिखो। 2
   (घ) शिवालय, देवेश व सूक्ति में सन्धि विच्छेद कीजिए। 2
11. (क) छक्के छुड़ाना, नौ दो ग्यारह होना, गले का हार होना में से कोई दो का अर्थ लिखकर अपने बनाये हुए वाक्यों में प्रयोग करो। 2
   (ख) 'हरि' अथवा 'भानु' में से किसी एक शब्द तृतीया विभक्ति बहुवचन का रूप लिखो। 2
   (ग) 'गम्' अथवा 'भू' के लट्लकार उत्तम पुरूष एक वचन का रूप लिखो। 2
12. (क) किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करो। 2
   (i) गंगा हिमालय से निकलती है।
   (ii) वह विद्यालय जाता है।
   (iii) वह कान से बहरा है।
   (ख) विद्यालय के प्राधानाचार्य के नाम शुल्क मुक्ति का प्रार्थना पत्र लिखो। 5

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com